# अभिषेक बच्चन की नई फिल्म कालीधर लापता का एलान, बड़े बाल और सफेद दाढ़ी में दिखे जूनियर बच्चन, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा



अभिनेता अभिषेक बच्चन को इन दिनों फिल्म हाउसफुल 5 में देखा जा रहा है। फिल्म में उनकी कॉमिक टाइमिंग की खूब तारीफ हो रही है और बॉक्स ऑफिस पर भी यह ठीक–ठाक कमाई कर रही है।

अब अभिषेक ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम कालीधर लापता है। इसके साथ फिल्म की रिलीज तारीख का भी ऐलान हो गया है।

आइए जानें आप यह फिल्म कब और कहां देख पाएंगे।

कालीधर लापता का प्रीमियर 4 जुलाई 2025 से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें अभिषेक पेड़ की टहनी पर बैठे दिख रहे हैं।

अभिषेक ने लिखा, चर्चाओं पर अब फुल स्टॉप। कभी–कभी खो जाना कोई चक्कर नहीं होता, बल्कि यहीं से असली कहानी शुरू होती है। सपनों, मोड़ों और उन लोगों से भरी, जो इसे यादगार बनाते हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान मधुमिता ने संभाली है।

बीते दिन अभिषेक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर साझा किया था। उन्होंने लिखा, मैं एक बार लापता होना चाहता हूं। भीड़ में खुद को फिर से पाना चाहता हूं। जो कुछ भी था, सब दे दिया सपनों के लिए। अब जरा सा वक्त अपने लिए चाहता हूं।

अभिषेक के इस पोस्ट को लोग ऐश्वर्या राय के साथ उनके तलाक से जोड़ रहे थे। हालांकि, अब साफ हो गया है कि उस पोस्ट का संबंध उनकी नई फिल्म से है।

यह फिल्म ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है जो कालीधर के इर्द–गिर्द घूमती है, जो एक बूढ़ा आदमी है, जिसे पता चलता है कि उसका परिवार उसे छोड़ने की योजना बना रहा है, वह भागने का फैसला करता है, जिससे बाद उसकी जिंदगी में एक आठ साल के अनाथ बल्लू आता है यही फिल्म का टर्निंग पॉइंट होता है, क्योंकि इसके बाद अभिषेक के किरदार कालीधर की जिंदगी बदल जाती है. अभिषेक बच्चन को आखिरी बार हाउसफुल 5 में देखा गया था, जो इस समय सिनेमाघरों में चल रही है.

# सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज डेट का एलान, वॉर टैंक पर खड़े अजय देवगन का मूछों को ताव देते हुए फर्स्ट लुक पोस्टर आउट

सन ऑफ सरदार के सीक्वल का इंतजार खत्म हो गया है. पूरे 13 साल बाद सन ऑफ सरदार का सीक्वल आ रहा है और फिल्म की रिलीज डेट के साथ–साथ अजय देवगन का फर्स्ट लुक पोस्टर भी आ चुका है. फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर में अजय देवगन बतौर सरदार अपने मुछों को ताव देते दिख रहे हैं. साथ ही पोस्टर पर फिल्म की रिलीज डेट के साथ स्टारकास्ट के नाम का भी खुलासा किया है.

पोस्टर की बात करें तो इस पर लिखा है, द रिटर्न ऑफ द सरदार. वहीं पोस्ट के कैप्शन में फिल्म की रिलीज डेट लिखी हुई है. बता दें, दो चलती बाइक पर खड़े होकर स्टंट करने वाले अजय देवगन अब बाइक नहीं बल्कि दो वॉर टैंक पर खड़े होकर एक्शन करने वाले हैं, जो फिल्म के पोस्टर में नजर आता है।

ब्लैक लेदर शूज, ब्लैक पैंट, व्हाइट टी–शर्ट पर ब्लैक जैकेट और सिर पर पगड़ी लगाए अजय देवगन का फर्स्ट लुक शानदार दिख रहा है. वह अपनी मुछों को भी ताव देते दिख रहे हैं. बता दें, फिल्म सन ऑफ सरदार 2 आगामी 25 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है.

इससे पहले बीती 6 अगस्त 2024 को अजय देवगन ने अपनी फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू की थी. एक्टर ने सेट से एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें फिल्म की पूजा–पाठ की गई थी. इसके बाद सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग के वीडियो वायरल हुए थे, जहां से पता चला था कि फिल्म की हीरोइन मृणाल ठाकरे हैं और बीते दिनों मृणाल ने भी सन ऑफ सरदार 2 के सेट से एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें एक्ट्रेस ने अपनी शूटिंग के दिनों का जिक्र किया था.

बता दें साल 2012 में सन ऑफ सरदार रिलीज हुई थी, जिसमें अजय देवगन की हीरोइन का रोल सोनाक्षी सिन्हा ने प्ले किया था।

अब इस रोल को मृणाल ठाकुर करने जा रही हैं. वहीं, अब 13 साल बाद एक बार फिर लोगों को हंसने का मौका मिलेगा. फिल्म का पहला पार्ट सुपरहिट साबित हुआ था. सन ऑफ सरदार 2 के डायरेक्टर विजय कुमार अरोड़ा हैं.

# वामिका गब्बी ने स्टाइलिश ड्रेस में बिखेरा हुस्न का जलवा, सोशल? मीडिया पर छाईं लेटेस्ट तस्वीरें

एक्ट्रेस वामिका गब्बी ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर अपने लेटेस्ट लुक से तहलका मचा दिया है. वामिका ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद स्टाइलिश तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें



वह लिलैक कलर की स्ट्रैपलेस ड्रेप ड्रेस में नजर आ रही हैं. उनका ये लुक न सिर्फ ग्लैमरस है, बल्कि काफी एलिगेंट भी लग रहा है. तस्वीरों में वामिका ने मल्टीकलर एंब्रॉयडरी वाला फ्लोरल टॉप कैरी किया है, जो उनके आउटफिट को रिच और रॉयल फील दे रहा है. उन्होंने लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ इस लुक को कंप्लीट किया. कैमरे के सामने उनका कॉन्फिडेंस और पोज काफी इंप्रेसिव रहा.

फैंस वामिका के इस ग्लैमरस अवतार की जमकर तारीफ कर रहे हैं. किसी ने उन्हें गॉर्जियस क्वीन कहा तो किसी ने स्टाइल दीवा. पोस्ट पर कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं.

वामिका का यह बोल्ड और ग्रेसफुल लुक यह साबित करता है कि वह न सिर्फ शानदार परफॉर्मर हैं, बल्कि स्टाइल के मामले में भी किसी से कम नहीं. सोशल मीडिया पर उनका ये लुक फिलहाल ट्रेंड में बना हुआ है.

